Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

**इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद**

संं0: इ0रा0वि0वि0 / कु0स0का0 / 226 / 2016 दिनांक : 26.12.2016

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाओं के प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाने हेतु सक्षम फर्मों से सील बन्द निविदायें दिनांक 02.01.2017 को अपरान्ह 3.00 तक वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी।

प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं। (कुलसचिव)

(संजय कुमार)
कुल सचिव

संदर्भ सं.: इ0रा0वि0वि0 / कु0स0का0 / 226 / 2016 दिनांक: 26 दिसम्बर 2016

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र में संस्करण में न्यूनतम आकार ( ) में प्रकाशित करते हुए विज्ञापन की मूल प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. उपकुलसचिव को इस निर्देश के साथ कि वह उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड तथा सूचना बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।

(संजय कुमार)
कुल सचिव

पताः सी०पी०आई० परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद (उ०प्र०), फोनः 0532–2256207
Address : C.P.I. Campus, Mahatma Gandhi Road, Civil Lines, Allahabad (U.P.) Ph. 0532-2256207

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

"विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना"

## निविदा सूचना

विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाओं के प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाने हेतु सक्षम फर्मों से सील बन्द निविदायें दिनांक 02.01.2017 को अपरान्ह 3.00 तक वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं।

प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं। समस्त पूर्ण निविदा प्रपत्र निविदाओं के सम्मुख अंकित अंतिम तिथि तक टेण्डर बाक्स में डालना है। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी।

## निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तें:–

1. निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.alldstateuniversity.org से डाउनलोड करते हुए रू0 1000/– (रू0 एक हजार मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो एवं वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पक्ष में देय हो, संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रेषित करने हेतु बड़े लिफाफे पर **"विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना"** अवश्य अंकित किया जाए। उक्त बड़े लिफाफे के अन्दर टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड पृथक–पृथक रूप से छोटे लिफाफे के अन्दर (जिस पर टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड क्रमशः लिखा जाना अनिवार्य होगा) रखते हुए वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बाक्स में दिनांक 02.01.2016 अपरान्ह 4.00 बजे तक डाली जायेंगी।
3. विश्वविद्यालय द्वारा निविदा के आधार पर योजित ट्रैवेल्स एजेंसी द्वारा रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद से अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदादाता एजेन्सी का वार्षिक टर्नओवर रू0 25,00,000/– (रू0 पच्चीस लाख मात्र) होना अनिवार्य है।
5. योजित ट्रैवेल्स एजेंसी द्वारा रू0 25,000/– (रूपये पच्चीस हजार मात्र) की धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) का बैंक ड्राफ्ट, जो कि वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकार होने पर एक अनुबन्ध करना होगा तथा जमानत की धनराशि रू0 2.00 लाख (दो लाख रूपया मात्र) जमा करनी होगी जो निविदा समाप्ति की अवधि तक विश्वविद्यालय में जायेगी।

6. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन का पंजीकरण व कम्प्रीहैंसिव बीमा अद्यतन होना अनिवार्य है। साक्ष्य हेतु प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना है।
7. चालक को सम्पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होना चाहिए। चालक के पास नवीनीकृत ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।
8. योजित अवधि में वाहन का रख–रखाव तथा उस पर आने वाला सम्पूर्ण व्यय एजेंसी को वहन करना होगा।
9. गाड़ी के पंजीकरण, बीमा, चालक का वेतन, लाइसेंस आदि का समस्त उत्तरदायित्व एजेन्सी का होगा।
10. प्रत्येक चरण के कार्य समाप्त होने के पश्चात् अनुबन्ध के अनुरूप बिल प्रस्तुत करने होगें तथा अलग–अलग कार्य का अलग–अलग बिल प्रस्तुत करना होगा। बिलों में सम्बन्धित कार्यों का विधिवत उल्लेख करना होगा एवं बिल सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए।
11. निविदा की अवधि अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष तक प्रभावी रहेगी। निविदा अवधि में किराये की दर में पेट्रोल / डीजल की दरों में बढ़ोत्तरी होने की दशा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नही होगा।
12. एजेंसी को किसी सरकारी / अर्द्ध सरकारी स्वायत्तशासी निकाय के कार्यालय में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. ट्रैवल्स एजेंसी के पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
14. ट्रैवल्स एजेंसी के स्वामित्व में कितनी गाड़ियां हैं, उनका विवरण तथा स्वामित्व के अभिलेख भी संलग्न करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की मांग के अनुसार अच्छी गाड़ी उपलब्ध न कराने पर रू0 200 /– प्रतिदिन प्रतिवाहन की दर से दण्ड के रूप में वसूल किया जायेगा।
15. विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी को यह अधिकार है कि वह एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये, कभी भी स्तर पर निरस्त कर दे।
16. फर्म द्वारा दरें संलग्न प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जायें अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा। किसी भी प्रकार से अपूर्ण निविदा स्वीकार नही होगी।
17. निविदा के साथ संलग्न किये जा रहे समस्त प्रपत्रों को निविदादाता द्वारा प्रमाणित व हस्ताक्षरित होना चाहिए।
18. भार–वाहन से सम्बन्धित वाहनों की दर का उल्लेख सम्बन्धित वाहन की भार–क्षमता जो परिवहन विभाग द्वारा स्वीकृत है सहित करना होगा। किसी भी दशा में अधिक लोडिंग की अनुमति नही दी जायेगी।
19. परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को ले जाना तथा वापस लाना एक महत्वपूर्ण कार्य है अतएव इस कार्य में विलम्ब या असावधानी क्षम्य नही होगी तथा किसी भी चूक के लिए ट्रैवेल्स एजेंसी पूर्णतः उत्तरदायी होगी। विश्वविद्यालय की सूचना के आधार पर अल्प समय में ही वांछित मेक का वाहन उपलब्ध कराना होगा, जितने वाहन की आवश्यकता होगी, उतने वाहन उपलब्ध कराना होगा।

20. किसी भी चूक/उत्तरदायी कृत्य के लिए दण्ड स्वरूप प्रथमतः जमा सुरक्षा धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा ट्रैवेल्स एजेंसी का पंजीकरण समाप्त करवाने की कार्यवाही प्रचलित की जायेगी तथा एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
21. विश्वविद्यालय को हानि (आर्थिक/प्रतिष्ठा) की स्थिति पहुंचाने की स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही भी की जायेगी तथा हानि की प्रतिपूर्ति के लिए एजेंसी की सम्पत्ति से तथा अन्यथा की स्थिति में एजेंसी के स्वामी से वसूली की कार्यवाही की जायेगी।
22. बाजार दर से न्यून दर देने पर वाहनों की उपलब्धता प्रभावित होने की अथवा किसी अन्य सुविचारित अपकृत्य किये जाने की सम्भावना के अन्तर्गत उनके निविदा दरों को अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा तथा वाहन का फर्म द्वारा दरों का उल्लेख करते समय विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप का प्रयोग किया जाना अनिवार्य है। प्रतिदिन के स्थिर किराये एवं प्रति किलोमीटर ईधन सहित दरों को उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में उन पर विचार नही किया जायेगा।
23. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी का निर्णय अंतिम होगा तथा उभय पक्षों पर बाध्यकारी होगा।
24. डीजल चलित वाहनों की दें मेक के साथ ए0सी0 व नॉन ए0सी0 अलग–अलग दी जायेगी।
25. टोल टैक्स की रसीद प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय द्वारा देय होगा।
26. आदेशित वाहनों की आपूर्ति समय से न करने/गुणवत्ता खराब पाये जाने पर अन्य फर्म से कार्य कराये जाने एवं धरोहर धनराशि जब्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगा।
27. वाहन की आंतरिक एवं वाह्य दरें पृथक–पृथक भरी जायेंगी।
28. परिवहन विभाग के नियमानुसार पंजीकृत वाहनों को ही स्वीकार किया जाएगा।

दिनांक :

फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

फर्म का नाम एवं पूरा पताः–

कुलसचिव

Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.



## "विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना"

### निविदा–प्रपत्र (तकनीकी बिड)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ट्रैवेल्स एजेंसी का नाम : | |
| 2 | ट्रैवेल्स एजेंसी के स्वामी का नाम : | |
| 3 | ट्रैवेल्स एजेंसी का पूरा पता एवं दूरभाष संख्या : | |
| 4 | ट्रैवेल्स एजेंसी की रजिस्ट्रेशन संख्या :<br>(प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 5 | ट्रैवेल्स एजेंसी टैन नं0 :<br>(छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 6 | ट्रैवेल्स एजेंसी के स्वामी का पैन नं0 :<br>(छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 7 | संलग्न किए जाने वाले प्रपत्र : | |
| | (क) टेण्डर शुल्क (रू0 1000/–) का विवरण : | |
| | (ख) धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) :<br>रू0 25,000/– (रू0 पच्चीस हजार) का विवरण | |
| | (ग) ट्रैवेल्स एजेंसी के वार्षिक टर्न–ओवर :<br>(रू0 पच्चीस लाख वार्षिक) सम्बन्धित चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रपत्र | |
| | (घ) ट्रैवेल्स एजेंसी के अनुभव सम्बन्धी :<br>प्रमाण–पत्रों का विवरण | |

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त निविदा की समस्त शर्तें मुझे स्वीकार हैं एवं उक्त सभी शर्तों पर मैं निविदा में उल्लिखित सामग्री (उत्तर पुस्तिकाएं) की आपूर्ति करने को तैयार हूँ।

तिथि : ......................

सलग्नक : कुल पृष्ठों की संख्या : ....................

निविदादाता के हस्ताक्षर ..............................................

पूरा नाम ..............................................................

पता एवं मुहर ........................................................

...........................................................................

दूरभाष नं0 एवं मो0नं0– ........................................

कुलसचिव

Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.



''विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना''

## निविदा–प्रपत्र (वित्तीय बिड)

| क्र. सं. | विवरण | | इण्डिका | इण्डिगो | टवेरा | सूमो / बोलेरो | क्वालिस / स्कार्पियो | इनोवा | छोटा हाथी | डी0सी0 एम0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | स्थानीय यात्रा (60 कि0मी0 तक) | | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल ए0सी0 / नॉन ए0सी0 | डीजल | डीजल |
| | (i) | 60 कि0मी0 / 8 घण्टा) | | | | | | | | |
| | (ii) | अतिरिक्त प्रति किमी0 दर | | | | | | | | |
| | (iii) | अतिरिक्त घण्टा | | | | | | | | |
| (ब) | वाहय यात्रा | | | | | | | | | |
| | (i) | 200 कि0मी0 न्यूनतम प्रतिदिन | | | | | | | | |
| | (ii) | अतिरिक्त प्रति दिन | | | | | | | | |
| | (iii) | रात्रि ठहराव | | | | | | | | |

नोट :

1. अतिरिक्त प्रति किमी व अतिरिक्त घण्टा में से केवल एक जो भी अधिक हो देय होगा।
2. कि0मी0 की गणना विश्वविद्यालय द्वारा वाहन बुलाने वाली जगह से की जाएगी।
3. माँगी गई मेक की अच्छी दशा की गाड़ी उपलब्ध कराना होगा। नॉन ए0सी0 गाड़ी मांगे जाने पर नॉन ए0सी0 गाड़ी का ही भुगतान किया जाएगा।
4. ड्राइवर के रात्रि ठहराव, भोजन व नाश्ते के व्यय का वहन एजेन्सी को स्वयं करना होगा, विश्वविद्यालय या यात्रा करने वाले व्यक्ति के द्वारा नहीं किया जाएगा तथा यह सूचना एजेन्सी के ड्यूटी स्लिप पर अंकित किया जाएगा।

..........................................

निविदादाता के हस्ताक्षर

व नाम ................................

(ट्रैवेल्स एजेंसी की मोहर के साथ)